उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ
वेबसाइटः hajcommittee.up.gov.in ; ई–मेल : shcuplko@rediffmail.com

पत्रांक. ओ-11/347/2024/(हस्तलिखित)

दिनांक : 14.08.2024

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई द्वारा हज सत्र–2025 की घोषणा कर दी गयी है, जिसके अन्तर्गत हज आवेदन फार्म ऑनलाइन दिनांक 13.08.2024 से 09.09.2024 तक भरे जायेंगे। ऑनलाइन आवेदन फार्म हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर भरे जा सकते हैं या आई फ़ोन, एंड्रॉयड मोबाइल एप **"हज सुविधा"** द्वारा भी भरे जा सकते हैं। ऐसे सभी व्यक्ति हज–2025 के आवेदन पत्र भरने के पात्र हैं जिनके पास हज आवदेन भरने की अन्तिम तिथि से पहले जारी वैद्य मशीन द्वारा पठनीय भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट उपलब्ध हो और जिसकी वैद्यता कम से कम 15 जनवरी 2026 तक हो।

इच्छुक हज आवेदकों से अनुरोध है कि ज़िला स्तर पर हज सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे व स्वयं ऑनलाइन वेबसाइट व मोबाइल एप **"हज सुविधा"** के माध्यम से आवेदन करें। लखनऊ ज़िले हेतु उ0प्र0 राज्य हज समिति कार्यालय, सरोजनीनगर, लखनऊ पर भी हज सुविधा केन्द्र स्थापित कर दिया गया है जहाँ निःशुल्क आवेदन सुविधा उपलब्ध है।

हज आवेदन फार्मों की प्रोसेसिंग से सम्बन्धित कार्यों को सुचारु व सफलतापूर्वक सम्पादित कराने हेतु कार्यालय स्तर पर कर्मचारियों के मध्य ज़िलों का आवण्टन किया गया है, आवश्यक हज आवेदन से सम्बन्धित जानकारी हेतु वेबसाइट hajcommittee.up.gov.in पर कर्मचारियों के नामों के सम्मुख सी0यू0जी0 नम्बर पर या ई–मेल आई0डी0 **shcuplko@rediffmail.com** पर जानकारी की जा सकती है।

14.08.24

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव / कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
3. मा0 अध्यक्ष / सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
6. समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
7. समस्त ई–सुविधा केन्द्र, समस्त जनपद, उ0प्र0।
8. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 ।

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव / कार्यपालक अधिकारी